Regarding Adivasi festival holiday

श्री सुखदेव भगत (लोहरदगा) **:** अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद ।

अध्यक्ष महोदय, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में मनाई जाने वाली सूर्य और धरती की पूजा, जो आदिवासियों का महत्वपूर्ण त्यौहार सरहुल है, जो पुरी के जगन्नाथ जी की रथ यात्रा, रांची की राम नवमी की शोभा यात्रा और सरहुल की शोभा यात्रा, ये भारत की तीन बड़ी शोभा यात्राएं हैं ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करता हूं कि आदिवासी, जो प्रकृति के पुजारी होते हैं, सरकार के पूरे हॉलिडे कैलेंडर में एक भी आदिवासी त्यौहार पर राष्ट्रीय अवकाश नहीं है । मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि आगामी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में जो सरहुल की पूजा है, उसके लिए राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए ।

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और सभी सम्माननीय सदस्यों को होली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं ।